घर-घर जाकर मांगे वोट

चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद लोगों के बीच पहुंचे अनुराग

हमीरपुर। मतदान की तिथि से एक दिन पूर्व शनिवार को घर-घर जाकर लोगों से वोट मांगते भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर।

■ भाजपा प्रत्याशी ने चुनाव के दौरान सहयोग देने के लिए लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं का जताया आभार

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। हमीरपुर

चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद भाजपा प्रत्याशी व सांसद अनुराग ठाकुर ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में डोर-टू-डोर प्रचार किया।

कई जगह सांसद अनुराग ठाकुर ने लोगों के बीच बैठकर उनसे चुनावी चर्चा भी की और नामांकन से लेकर चुनाव प्रचार समाप्त होने तक विभिन्न कार्यक्रमों में उन्हें भरपूर समर्थन देने के लिए उनका दिल की गहराइयों से आभार व्यक्त भी किया। भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने इस पूरी चुनावी डोर-टू-डोर प्रचार के दौरान उन्हें डटकर सहयोग देने के लिए लोगों व कार्यकर्ताओं का आभार भी व्यक्त किया।

'लोगों का आशीर्वाद ही मेरी असली पूंजी'

भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने कहा कि लोगों का आशीर्वाद ही उनकी असली पूंजी है और उनके जीत की हैट्रिक में लोगों ने भरपूर योगदान दिया है। उन्होंने कहा जनता का यही प्यार व आशीर्वाद उन्हें नई ऊर्जा व नई ताकत देता है। आज अनुराग ठाकुर जब सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं से रू-ब-रू होने निकले तो ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बनता था। बुजुर्गों ने अनुराग ठाकुर के सिर पर हाथ रखकर उन्हें अपना आशीर्वाद दिया और उनकी ऐतिहासिक जीत की कामना की।

टिल्लू में लोगों ने ग्रहण किया भंडारे का प्रसाद

नादौन। बेला पंचायत के टिल्लू गांवके शिव नाग मंदिर आधे दा बामी में शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष इस मंदिर में जन सहयोग से भंडारे का आयोजन होता है। उन्होंने कहा कि दूर-दूर से आए लोगों ने मंदिर में माथा टेककर प्रसाद ग्रहण किया। -हिमाचल दस्तक

बाबा बालक नाथ मंदिर में आज लगेगा भंडारा

नादौन। नादौन के साथ लगते टिल्लू गांव में स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर में 19 मई को विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति की ओर से जानकारी देते हुए वरिष्ठ नागरिक बाबू राम ने बताया कि हर वर्ष इस मंदिर में जन सहयोग से भंडारे का आयोजन होता है। उन्होंने बताया कि दूर-दूर से लोग बाबा बालक नाथ के मंदिर में आकर माथा टेककर प्रसाद ग्रहण करते हैं।

हर बूथ पर होगी व्हील चेयर

बद्दी। एसडीएम नालागढ़ प्रशांत देष्टा व दून के सहायक निर्वाचन अधिकारी सुधीर शर्मा ने बताया कि हर बूथ पर दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए पहली बार व्हील चेयर मंगवाई गई है। दून व नालागढ़ में करीब 200 के करीब व्हील चेयर सामाजिक व औद्योगिक संस्थाओं के सहयोग से मंगवाई गई है और हर बूथ पर एक चेयर रहेगी। लोकसभा चुनावों में यह प्रयोग पहली बार हो रहा है जिसके चलते चंडीगढ़ पंचकूला से सरकार ने किराए पर व्हील चेयरें मंगवाई है।

बणी में स्वास्थ्य उपकेंद्र के भवन निर्माण का काम अधर में लटका

चयनित भूमि को ग्रामीण कर चुके हैं रिजेक्ट

हिमाचल दस्तक। बड़सर

बड़सर उपमंडल की ग्राम पंचायत बणी में प्रस्तावित स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का निर्माण कार्य पिछले लंबे अरसे से लटका हुआ है। ग्रामीणों ने भवन निर्माण के लिए चयनित भूमि को उपयुक्त नहीं माना है। वर्ष 2012 में भाजपा की तत्कालीन सरकार के समय भवन निर्माण को 17 लाख रुपये मंजूर हुए थे। चयनित भूमि सड़क से अधिक दूरी पर होने से लोक निर्माण विभाग और ग्रामीणों ने इन्कार कर दिया है। लेकिन उसके उपरांत न तो और जगह भूमि का चयन हो पाया है और न ही इसके लिए सही मायने में प्रयास हो पाए हैं। बताते चलें कि बणी क्षेत्र के एक ग्रामीण ने भवन निर्माण के लिए भूमि दान दी थी, लेकिन भूमि तक सड़क या रास्ता नहीं होने के कारण भवन का निर्माण कार्य नहीं हो सका, जबकि भवन निर्माण के लिए 17 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई है।

◆ वर्ष 2012 में तत्कालीन भाजपा सरकार ने 17 लाख रुपये किए थे स्वीकृत

ग्रामीणों का कहना है कि चयनित भूमि सड़क से काफी दूर है तथा भवन निर्माण के लिए उचित नहीं है। मौजूदा समय में स्वास्थ्य उपकेंद्र पंचायत घर के एक कमरे में चल रहा है। ग्रामीण नजदीकी सुविधाजनक स्थान पर स्वास्थ्य उपकेंद्र बनने के पक्ष में हैं। ग्रामीणों मुकेश कुमार, संजय कुमार, सुरेंद्र कुमार, राजकुमार, राजेंद्र कुमार, दिनेश कुमार सहित दर्जनों लोगों ने स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का निर्माण उचित जगह पर होना जरूरी है। उन्होंने स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का निर्माण उपयुक्त स्थान पर करने की मांग की है।

उधर, अधिशाषी अभियंता प्रमोद कश्यप ने बताया कि स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन के लिए जगह उपयुक्त नहीं होने से निर्माण नहीं हो पाया है। चयनित भूमि तक रास्ते या सड़क की कोई सुविधा नहीं है। ग्रामीण भी भवन निर्माण के लिए चयनित भूमि को रिजेक्ट कर चुके हैं। अब स्वास्थ्य विभाग ही भवन निर्माण के लिए नई भूमि उपलब्ध करवा सकता है।

पारगी टीम ने जीता क्रिकेट मैच

सरकाघाट। उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत समैला के गांव पारगी में शनिवार को युवा क्लब पारगी पटवाणा द्वारा शहीद शशिकांत मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि शहीद की मां उर्मिला देवी ने शिरकत की। टूर्नामेंट में पहला मैच खलयाणा टीम व पारगी टीम के बीच खेला गया। खलयाणा टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पारगी टीम के आगे जीत के लिए 64 रन का लक्ष्य रखा। इसे पारगी टीम ने चार विकेट खोकर पूरा कर लिया। इस प्रकार पहला मैच पारगी टीम ने अपने नाम कर लिया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान अश्विनी कुमार, युवा क्लब पारगी के सलाहकार रिटायर्ड सूबेदार कश्मीर सिंह, सचिव राजेश कुमार, मनोहर लाल, जगजीत सिंह, महिला मंडल पारगी की सदस्य मौजूद रहीं। - हिमाचल दस्तक

बैन के वाबजूद प्रयोग किया जा रहा पॉलीथिन

हिमाचल दस्तक। बिझड़ी

प्रदेश सरकार ने पर्यावरण संरक्षण व लोगों की सेहत पर पड़ रहे दुष्प्रभाव को देखते हुए पॉलीथिन पर पूर्णतयः प्रतिबंध लगा रखा है। लेकिन प्रदेश के शक्तिपीठों व मंदिरों में प्रसाद व अन्य खाद्य सामग्री सरेआम पॉलीथिन में पैक करके बेची जा रही हैं। इसका खामियाजा आम लोगों व श्रद्धालुओं को उठाना पड़ रहा है जो श्रद्धावश व विश्वास के कारण इन चीजों का इस्तेमाल करते हैं तथा अनजाने में गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। बिना पैकिंग एएक्सपायरी व मैनुफेक्चरिंग डेट के बिक रहे इन पैक्टों के ऊपर बनाने वाली फर्म का नाम पता तक लिखा नहीं पाया जाता है। जानकार कहते हैं कि नमक कभी खराब नहीं होता लेकिन उसपर भी पैकिंग व एक्पायरी डेट लिखी होती है। प्रदेश के ज्यादातर मंदिरों में दुकानदार पॉलीथीन में पैक मैंगो पापड व प्रसाद धूप में रखकर बेच रहे हैं। लोगों का कहना है कि प्रदेश सरकार व संबंधित विभाग को ऐसे मामलों पर तुरंत सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

■ धार्मिक स्थलों पर पॉलीथिन में बिक रहा प्रसाद व अन्य सामग्री

वहीं, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग बड़सर निरीक्षक विनोद कपिल से संपर्क किया गया तो उनका कहना है कि विभाग द्वारा समय समय पर नियमों का उलंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाती है। उनका कहना है कि लोगों को अपनी सेहत व पर्यावरण बचाने के लिए खुद भी जागरूक होना होगा।

चप्पे-चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर

बद्दी। प्रदेश का बीबीएन एरिया पंजाब व हरियाणा से सटा हुआ है और बहुत ज्यादा संवेदनशील है। यहां पर आने जाने के 13 रास्ते हैं और बद्दी, बरोटीवाला, डेरोवाल व बघेरी व दभोटा के रूप में बैरियर भी स्थापित है। इन बैरियरों पर विशेष सशस्त्र बल तैनात किया गया है। महाराष्ट्र से आई पुलिस टुकड़ियां चप्पे पर नजर रखी हुई है। जो भी गाड़ी पड़ोसी राज्यों से आ रही है उसकी डिग्गी खोलकर बाकायदा तलाशी ली जा रही है। हर संदिग्ध व्यक्ति पूछताछ की जा रही है। इस दौरान लोकसभा चुनावों के मुद्देनजर सीमावर्ती क्षेत्रों में वाहनों की जांच व वीडियो ग्राफी करती पुलिस। -हिमाचल दस्तक

खस्ताहाल हो चुकी सड़क दे रही हादसों को न्यौता

हिमाचल दस्तक। बिझड़ी

बिझड़ी-दियोटसिद्ध सड़क मार्ग से कुआं चौक की तीखी चढ़ाई पर वाहन चालकों का चलना खतरे से खाली नहीं है। इस जगह पर सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं तथा किनारे बुरी तरह से टूट चुके हैं। इस जगह बदहाल सड़क के कारण कोई भी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो सकता है। यह सड़क प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ दियोटसिद्ध, चकमोह कॉलेज, मैहरे व बड़सर को बिझड़ी से जोड़ती है। रोजाना इस सड़क मार्ग पर हजारो वाहन गुजरते हैं। लिहाजा क्षेत्र के लोगों कपिल कुमार, निर्मल कुमार, विकास, छोटू कुमार, अरुण, मोहिंद्र सिंह, नरेश कुमार, मनीष कुमार इत्यादि ने विभाग को चेताया है कि सड़क पर पड़े गड्ढों के कारण कोई दुर्घटना घटी तो इसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी। वहीं, इस संदर्भ में सहायक अभियंता बड़सर अनिल शर्मा का कहना है कि यह समास्या विभाग के ध्यानार्थ है। शीघ्र ही चुनावों के बाद सड़क मार्ग को पैचवर्क करके ठीक कर दिया जाएगा।

■ लोगों ने विभाग से जल्द सुधार करने की उठाई मांग

मुरारी मार्केट में श्रीमद्भागवत कथा कल से

सोलन। हिमाचल नर-हरि सेवा समिति द्वारा गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी सोलन के मुरारी मार्केट में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन सोमवार से किया जाएगा। इसमें आचार्य कमलकांत व्यासपीठ से श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करवाएंगे। इस आयोजन की शुरुआत सोमवार 11 बजे पुराण स्वागत व कलश यात्रा से होगी। 2 बजे पुराण स्थापन एवं कथा प्रवचन होंगे। इसके बाद मंगलवार से रविवार तक सुबह 6 बजे से 11 बजे तक मूल पाठ होगा साढ़े 12 से 1 बजे तक भजन कीर्तन व 1 से 5 बजे तक कथा का प्रवचन किया जाएगा। साढ़े 4 बजे आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। कथा का समापन 27 मई को पूर्णाहुति व भंडारे के साथ होगा और इससे पूर्व सुबह 6 से 9 बजे तक मूलपाठ व साढ़े 10 से डेढ़ बजे तक कथा प्रवचन होगा।

चामुंडा संस्थान में हुआ रंगारंग कार्यक्रम

कुल्लू। मोहल में चामुंडा नर्सिंग संस्थान में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग सप्ताह का समापन धूमधाम से हुआ। समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में एमडी सीपी वाली ने शिरकत की। वहीं वीके वाली विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं कॉलेज प्रधानाचार्य सुन्नी ठाकुर व परमात्मा ने मुख्यतिथि को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने सात दिनों में हुए अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग सप्ताह के बारे में अवगत करवाया। समापन अवसर पर एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें नीश ने एकल नृत्य पेश किया, तनीशा व समृद्धि ने युगल नृत्य पेश किया। जीएनम की शिवानी ने नृत्य पेश। कन्नू प्रिया व सहेलियों ने नृत्य के माध्यम से हाथ को धोने के तरीके बताए। सीनियर फैकल्टी भूप सिंह ने बताया कि नर्सिंग सप्ताह के दौरान हुई प्रतियोगिताओं के विजेताओं व नर्सिंग छात्राओं को पढ़ाई में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को 29 मई को होने वाले वार्षिक समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 के अधीन स्थापित)

शैक्षणिक पदों के लिए

रोजगार सूचना सं. 001/2019 दिनांक 19.05.2019

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा नियमित/अनुबंध आधार पर भरे जाने वाले विभिन्न शैक्षणिक पदों के लिए पात्रता रखने वाले अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 08.06.2019 है। अन्य जानकारियों के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.cuhimachal.ac.in को देखें।

Davp- 21339/11/0003/1920 कुलसचिव

कार्यक्रम एसवीएन स्कूल कुनिहार में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

विशाल हेड ब्वॉय व साक्षी चुनीं हेडगर्ल

हिमाचल दस्तक। कुनिहार

द एसवीएन स्कूल बडोर घाटी कुनिहार में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि सोलन के ज्वैलर भूषण ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल चेयरमैन टीसी गर्ग ने की।

इसमें मनोनीत सदनों के हेड ब्वॉय, हेड गर्ल को विद्यालय प्रांगण में शपथ दिलाई गई। हेड ब्वॉय और हेड गर्ल के लिए बच्चों ने मतदान किया।

मतदान के लिए स्कूली बच्चों में उत्साह देखते ही बनता था। जहां हेड ब्वॉय के लिएएरिजुल, विशाल और मुकुल मे मुकाबला था। जिसमें विशाल वर्मा ने यह मुकाबला जीता। वहीं हेड गर्ल के लिए वंशिका, साक्षी मन्नत और सृष्टि मे मुकाबला था। जिनमें से साक्षी कौशल ने यह मुकाबला अत्यधिक वोटों से जीता। मुख्यातिथि मीना गुप्ता और रुचि गुप्ता, निदेशक भूषण ज्वैलर्स सोलन व चेयरमैन टीसी गर्ग ने हेड ब्वॉय और हेड गर्ल के साथ साथ चारों सदनो धर्मा, कर्मा, भक्ति और ज्ञान के कप्तान और उपकप्तान को कर्तव्य एवं अनुशासन परायणता की शपथ दिलाई।

कुनिहार। द एसवीएन स्कूल बडोर घाटी में चुन गए छात्र प्रतिनिधि।

◆ मनोनीत सदस्यों को स्कूल प्रांगण में दिलाई शपथ

इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी के रुप में लुपिन गर्ग व उपपीठासीन अधिकारी के रूप में प्रधानाचार्या सुकन्या गुहा ने कार्य किया। मतदान अधिकारी के रूप में पूनम तनवर ने अपनी भूमिका निभाई। वोटों की गणना निष्पक्ष रुप से प्रधानाचार्य के निरीक्षण में की गई। यह देख कर बच्चों में अत्यधिक उत्साह का माहौल था। अंत में चैयरमेन टीसी गर्ग ने बच्चों को मतदान के महत्व के बारे में बताया और कहा कि स्कूल में बच्चों को सदनों में अनुशासन और अपने छुपी हुई प्रतिभा को दिखाने का मंच मिलता है जिससे बच्चों को विद्यालय में हो रही गतिविधियों में भाग लेने का मौका मिलता है ताकि उन का आत्मविश्वास बढ़ सके और वह हर क्षेत्र में सफलता प्रदान कर सकें। इसके साथ ही उन्होंने कहा की सभी बच्चे अपने घर परिवार के सदस्यों को वोट करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक लुपिन गर्ग ने अपने संबोधन में कहां की इससे बच्चो में आगे बढने की प्रेरणा मिलती है।

आइनॉक्स विंड लिमिटेड INOXWIND

पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव बसल–174303, जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश, भारत

(सीआइएन: L31901HP2009PLC031083) टैलीफोन/फैक्स: 01975 272001, ई–मेल: investors.iwl@inoxwind.com; वेबसाइट: www.inoxwind.com

31 मार्च 2019 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष हेतु अंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का उद्धरण

(रुपये लाख में)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही		समाप्त वर्ष	
		31-03-2019	31-03-2018	31-03-2019	31-03-2018
1.	संचालन से कुल आय	17,955	20,341	143,744	47,984
2.	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(8,541)	(8,348)	(6,211)	(28,048)
3.	कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(5,356)	(5,566)	(3,998)	(18,761)
4.	कुल व्यापक आय [कर पश्चात् अवधि हेतु लाभ/(हानि) एवं कर पश्चात् अन्य व्यापक आय सम्मिलित]	(5,323)	(5,517)	(3,934)	(18,530)
5.	सुरक्षित, पुनर्मूल्यांकन सुरक्षित के अतिरिक्त	-	-	174,296	178,236
6.	प्रदत्त समता अंश पूँजी (अंकित मूल्य रुपये 10/– प्रति अंश)	22,192	22,192	22,192	22,192
7.	प्रति अंश आय (अंकित मूल्य रुपये 10/– प्रत्येक) (वार्षिकृत नहीं)				
	क) मूलभूत (रुपये में)	(2.41)	(2.51)	(1.80)	(8.45)
	ख) अवमिश्रित (रुपये में)	(2.41)	(2.51)	(1.80)	(8.45)

टिप्पणियाँ:

1. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा अंकेक्षण समिति द्वारा की गई तथा उसके पश्चात् 18 मई, 2019 को हुई बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया। कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों ने लेखापरीक्षा की है और 31 मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही एवं वित्तीय वर्ष के वित्तीय परिणामों पर अपनी असंशोधित राय जारी की है।
2. उपरोक्त परिणाम सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दाखिल तिमाही एवं वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। अंकेक्षित तिमाही एवं वार्षिक एकल तथा समेकित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com तथा www.nseindia.com) एवं कंपनी की वेबसाइट (www.inoxwind.com) पर उपलब्ध है।
3. एकल वित्तीय परिणामों की जानकारी: (रुपये लाख में)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही		समाप्त वर्ष	
		31-03-2019	31-03-2018	31-03-2019	31-03-2018
1.	संचालन से कुल आय	20,569	8,097	134,548	21,243
2.	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(4,787)	(6,271)	193	(23,963)
3.	कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(3,103)	(4,023)	125	(15,717)

निदेशक मंडल की ओर से

कृते आइनॉक्स विंड लिमिटेड

हस्ता/–

देवांश जैन

निदेशक

स्थान : नोएडा

दिनांक : 18 मई, 2019